संख्याः जी–2–86/दस–2011

प्रेषक,

अनूप मिश्र,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 9 फरवरी, 2011

विषयः तृतीय श्रेणी एवं उससे उच्च श्रेणी के सभी राजकीय सेवकों के मोबाईल नम्बर को कार्यालय महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अधिकांशतः अधिकारियों/कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद द्वारा निर्गत वार्षिक लेखापर्ची में लुप्त धनराशियाँ रहती हैं। इस संबंध में बार–बार पत्राचार करने पर भी कार्यालय महालेखाकार से कार्यवाही करने में काफी विलम्ब होता है तथा कभी–कभी तो सामान्य भविष्य निधि की वार्षिक लेखापर्ची भी प्राप्त नहीं होती है। इस संबंध में आप अपने स्तर से अपने अधीनस्थ आहरण–वितरण अधिकारियों को यह निर्देश दे दें कि वे कृपया तृतीय श्रेणी एवं उससे उच्च श्रेणी के सभी राजकीय सेवकों के मोबाईल नम्बर कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद को उपलब्ध करा दें ताकि कार्यालय महालेखाकार अपने स्तर से संबंधित कार्मिक के सामान्य भविष्य निधि के मासिक लेखे का विवरण एस0एम0एस0 द्वारा संबंधित कार्मिक के मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध करा सकें।

भवदीय,
अनूप मिश्र
(अनूप मिश्र)
प्रमुख सचिव

संख्या–जी–2–86(1)/दस–2011, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– शासन के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।
2– प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
4– कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)–प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
5– निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,
बी के सिंह
(बी0 के0 सिंह)
विशेष सचिव

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 158 सा0 वित्त–24–3–2011–(2631)–3,000+2 प्रतियां (क0/टी0/ऑफसेट)।